राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

मकर सक्रांति पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 13 जनवरी। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश के सभी लोगों के सुखी व स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए अपने संदेश में कहा है कि ‘‘ त्यौहार हमारे जीवन में उत्साह, ताजगी और उल्लास लाते हैं, इसलिए त्यौहारों को मिल–जुल कर मनाना चाहिए ताकि पूरे समाज का वातावरण सुखद व सौहार्द्रपूर्ण बना रहे।’’

राज्यपाल से पर्वतारोही मिला

जयपुर, 13 जनवरी। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में अन्तराष्ट्रीय पर्वतारोही श्री सोहन तंवर ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र को श्री तंवर ने अपनी यात्रा की जानकारी दी।

राज्यपाल का अभिवादन – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का खाण्डल विप्र विश्व परिषद की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती भारती शर्मा व पदाधिकारियों ने अभिवादन किया।

राज्यपाल से लोग मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधिगण और राजस्थान शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।

राज्यपाल से विधायक मिले

जयपुर, 13 जनवरी। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में विराटनगर के विधायक श्री इन्द्राज गुर्जर और शाहपुरा के विधायक श्री आलोक बेनीवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की।

––––

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान